विदाई | स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से किया गया सम्मान

# सेवानिवृत कर्मचारियों को जनपद पंचायत परिवार ने दी विदाई




नवभारत न्यूज

**परासिया, 28 जून. 40साल की सेवा देकर सेवा निवृत हुए कर्मचारियों को जनपद पंचायत परिवार द्वारा विदाई देकर स मानित किया गया।**

जनपद पंचायत परासिया सभा कक्ष में श्याम बुनकर भृत एवं सचिन लखन चंद्रवंशी मारई सचिव मंगल सिंह ग्राम तेंदूखेड़ा के सेवा निवृत होने पर उन्हें विदाई दी गई ।स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि श्याम बुनकर लंबे समय से जनपद कार्यालय में अपनी सेवा प्रदान कर रहे थे उनकी मृदुभाषी कार्य शैली को सभी ने सराहना की गई। जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने बुनकर की भूरि भूरि प्रशंसा की उन्होंने कहा कि जनपद परिवार में कभी किसी काम के लिए श्याम बुनकर ने मना नहीं किया सरल स्वभाव से वह सबसे अच्छे से बात करते थे और बड़े मिलनसार व्यक्ति के धनी थे.

साथ ही सचिव लखन चंद्रवंशी सचिव मंगल सिंह के भी कार्य की सराहना की गई बैंड बाजे आतिशबाजी फूल माला से इनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष आशा अशोक अमरवंशी जनपद उपाध्यक्ष जमील खान जनपद सीईओ रश्मि चौहान जिला डीसी स्वच्छता विभाग सुधीर कृषक पंचायत इंस्पेक्टर दीपा पाटिल उपस्थित रहे। सचिव संघ द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ समस्त सचिव गण कार्यक्रम को सफल आयोजन करने में सचिव संघ के विनोद मर्सकोले नंदकुमार सुशील शुक्ला द्वारका चंद्रवंशी राम मनोहर प्रजापति सहित सभी सचीव का विशेष सहयोग रहा।

# समाज को आगे बढ़ाने और संगठित रहने विधायक पहुंचे अमरवाड़ा



**समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने और संगठित रहने का निवेदन किया**

नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 28 जून. बुधवार को होशंगाबाद पिपरिया के विधायक ठाकुरदास नागवंशी,राष्ट्रीय कतिया समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखनंदन जावरे अमरवाड़ा क्षेत्र पहुंचे। जहां पर उन्होंने अमरवाड़ा के घोघरी, उमरिया, धनोरा क्षेत्र में सामाजिक बंधुओ से मुलाकात कर समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने और संगठित रहने का निवेदन किया।**

वही अमरवाड़ा ब्लॉक के समाज के अध्यक्ष सुदेश नागवंशी के मकान में सामाजिक बैठक की गई। इस दौरान बड़ी सं या में सामाजिक बंधु मौजूद रहे। विधायक सहित समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्राम उमरिया में सत्ता कार्यक्रम में भी पहुंचे। इन सब के अलावा अंडोल ग्राम में भीषण सड़क हादसे में मृत पति-पत्नी के परिवार जनों से भी मुलाकात की गई। सामाजिक बंधुओ से मिलने पहुंचे विधायक सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखनंदन जावरे ने सभी को एकजुट संगठित रहने और समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का निवेदन किया।



# भगवान बलराम कि प्रतिमा स्थापित करने की तैयारियां जोरों पर

**प्रतिमा स्थापना को लेकर होने वाले खर्च के लिए धन का संग्रह भी किया जा रहा है**

नव भारत न्यूज

**बिछुआ,28 जून. चांद तहसील के गोदड़देव ( परसगांवसर्रा ) में अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा अपने आराध्य देव भगवान बलराम कि प्रतिमा स्थापित करेगा। जिसको लेकर किरार समाज ने तैयारियां भी शुरू कर दी है।**

रविवार को चंदननगर के पाठाढ़ानां में आयोजित हुई बैठक के बाद से ही किरार समाज के पदाधिकारी अपने कार्यों को लेकर सक्रिय नजर आने लगे हैं। वरिष्ठ पदाधिकारीयों द्वारा समाज के सदस्यों से सम्पर्क कर कार्यक्रम कि कार्ययोजना को लगातार विस्तार दिया जा रहा हैं। प्रतिमा स्थापना को लेकर होने वाले खर्च के लिए धन का संग्रह भी किया जा रहा है जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर अपनी इच्छा अनुसार धन राशि एकत्र करने में सहयोग दें रहे है। प्रतिमा स्थापना के लिए पहली राशि के रूप में अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा कि महिला प्रदेश उपाध्यक्ष विनीता चौरे, छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष संगीता चौरिया, जिला उपाध्यक्ष लीला बजौलिया, जिलाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सौलंकी, नगर अध्यक्ष नंदराम वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष बलवान चौरिया, शशीपाल वर्मा, संतोष सौलंकी, जबरसिंग चौरे, मनेश कुमार सौलंकी, रविशंकर चौरे, श्रीपाल सौलंकी, अंगदसिह चौरे, मधु पटेल, श्रीराम चौरे, श्रीराम सौलंकी, इंदर सौलंकी, डॉ गुलवदन चौरिया, राजाराम वानखेडे, दिनेश चौरे, सुभाष चौरिया, वलबंत चौरिया, कलीराम वानखेड़े ने रासीद कटाकर अपना सहयोग दिया। इसी प्रकार अन्य सामाजिक बंधुओं ने भी मूर्ति के लिए कोष देने की घोषणा की गई। अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा ने समाज के सभी सदस्यों को कार्यक्रम सफल बनाने में सभी प्रकार से सहयोग करने कि अपील कि है।

## एक नजर में



### महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित

**बिछुआ.** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में 28 जून 2024 को जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय के विकास को लेकर चर्चा हुई एवं नवीन भवन का निरीक्षण समिति द्वारा किया गया एवं अगामी समय में नेक मुल्यांकन को लेकर महाविधालय में जरूरी आवाश्यक कार्यों को करवाने हेतु प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ.आर पी यादव, समिति अध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, सदस्य आर के पाटिल सर, मोहन सलामे सर, प्रमोद श्रीवास, सुरेश परतेती,उमेश कुरेठे, रजत वानखेड़े, रामदयाल मिनोटे आदि मौजूद रहे।

### एनसीसी मना रहा वृक्षारोपण पखवाड़ा

**छिंदवाड़ा.** 24 म.प्र. बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई 2024 तक शहीद मेजर अमित ठेंगे के शहीद दिवस 13 जुलाई के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण पखवाड़ा मना रहा है। जिसमें छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुरना के सभी शासकीय संस्थानो के एनसीसी के विद्यार्थी के द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गन 27 जून को राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की 60 एनसीसी की छत्राओ ने ग्राम सालीवाड़ा के वन क्षेत्र के जाकर लगभग 500 पौधो का रोपण किया। बालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस मेन सभी एनसीसी कैडेट को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए आव्हान किया है। कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की मेजर डॉ. सिंपल पाटिल ने एनसीसी कैडेट को पौधे रोपण हेतु प्रेरित किया एवं पौधों की मानव जीवन में उपयोगिताओं विस्तार से बताया। वृक्षरोपण के कार्यकम में छिंदवाड़ा वन विभाग से रेज ऑफिसर पंकज शर्मा, सुर्मिला उबेरा का विशेष सहयोग रहा।

### पेंशनर्स समाज की बैठक में सामाजिक हितों पर हुई चर्चा

**छिंदवाड़ा.** आज मध्यप्रदेश पेंशनर्स इकाई चाँद की त्रैमासिक बैठक का आयोजन ज्ञानोदय विद्यालय में तहसील इकाई अध्यक्ष पोहपसिंह वर्मा , संरक्षक शिवनारायण शर्मा की उपस्थिति में स पन्न हुई । इस बैठक में सामाजिक सरोकार को लेकर चर्चा की गई जिसमें नगर परिषद चाँद में ट्रैफिक सुविधा व अनियंत्रित पार्किंग व्यवस्था सुधार, बारिश के पूर्व नगर की नालियों की सफाई, नगर में वृक्षारोपण , पेंशनर्स के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु सक्षम इकाई को अवगत कराने व कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बलवंत कुमार जैन, सुरेंद्र रघुवंशी ने भी विचार रखें। पेंशनर्स समाज ने यह भी तय किया कि प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर जनकल्याण हेतु समाजिक सुधार हेतु सुझाव व मार्गदर्शन देने की बात कही गई इस बैठक में समाज से पूनमचंद डेहरिया, ध्यानेंद्र परिहार, सुखदास बरपेठे, गोविंद सिंह चौरिया, चेतराम चौरिया, चरण लाल मालवीय, रिक्खिलाल श्रीवास, नारायण प्रसाद चौरसिया, रामसिंग डेहरिया, रवि श्रीवास, बी सी परिहार, बालक राम चौरसिया उपस्थित थे। अध्यक्ष पोहपसिंह वर्मा ने पेंशनर्स समाज के सभी सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर उनकी उपस्थिति हेतु आभार व्यक्त किया।

# एक जुलाई को दीक्षारंभ समारोह के साथ शुरू होगा कॉलेज का सत्र



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 28 जून. शासकीय पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा के नए सत्र का शुभारंभ दीक्षारंभ समारोह के साथ प्रारंभ होगा ।**

जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नए विद्यार्थियो को नए परिवेश में सहज महसूस कराने, कॉलेज से परिचय कराने, विषय के प्रोफेसर्स, योजनाओं के प्रभारी, छात्रवृत्ति सहित करियर गाइडेंस, एन एस एस, एन सी सी, भाग खेल कूद विभाग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित समस्त संकाय से परिचित कराने के उद्देश से तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन दिनांक एक जुलाई से तीन जुलाई तक किया जा रहा है । इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई ने सभी प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियो से अपील की है कि इस दीक्षारंभ समारोह में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे ।

# भारतीय रिजर्व बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बैंक मैनेजर ने किया समाज सेवी का सम्मान



नवभारत न्यूज

**मोहखेड़, 28 जून. एक जुलाई भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर ग्राम मोहखेड़मे जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन सर एवं विकास खंड समन्वयक भवानी प्रसाद कुमरे सर के मार्गदर्शन में समाज कार्य के क्षेत्र में विशेष कार्य किया गया.**

जिसमें बैंक से जुड़े लेनदेन और डिजिटल फ्रॉड के बारे में लोगों को लगातार समझाया गया इसी उपलक्ष्य में भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर मानस करोले सर के द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परामर्शदाता आरती माटे एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्कर डॉक्टर सोयल खान वरिष्ठ समाज सेवी को विशिष्ट उपहार देकर स मानित किया गया एवं साथ ही समझाइश दी गई की निरंतर आप लोगों को डिजिटल फ्रॉड से होने वाले नुकसान के बारे में समाज में जानकारी देते रहे इस उपलक्ष्य पर ब्रांच के निरंजन दहेजवार, एवम जय कुमार झिझौंकर, मनोज कुमार टांडेकर, सूरज टेकनेकर मोहित नागोतिया उपस्थित रहे.

# स्काउट गाइड ने हड़ाई स्कूल में किया वृक्षारोपण



नवभारत न्यूज

**अमरवाड़ा, 28 जून. पर्यावरण संरक्षण, वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ, अंकुर अभियान, वृक्षारोपण अभियान, एवं प्रदूषण को देखते हुए, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु अग्रणी संस्था हायर सेकेंडरी स्कूल हड़ाई में स्काउट गाइड छात्रों एवं शिक्षक साथियों के माध्यम से तरह-तरह के पौधों का पौधारोपण किया गया। जिसमें निलगिरी, आम, जामुन, अशोक, मीठी नीम, एवं अन्य औषधि पौधों का पौधारोपण किया गया।**

साथ ही साथ समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया गया की पौधे का ध्यान रखें एवं उसकी देखभाल अवश्य करें। वर्ष के अंत मैं सभी स्काउट गाइड छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी दिए जाने का निर्णय संस्था प्रमुख के माध्यम से किया गया।

प्रशिक्षण | प्रशिक्षण में बीईओ, बीआरसी,बीएसी तथा वि.खं. सह समन्वयक साक्षरता सम्मिलित हुए

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न




नवभारत न्यूज

**मोहखेड़,28 जून. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में दिए गए प्रावधान के अनुसार सभी के लिए शिक्षा अंतर्गत संपूर्ण देश में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।**

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पार्थ जयसवाल के निर्देशानुसार नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला परियोजना समन्वयक जे के इडपाचे की अध्यक्षता में ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में डीपीसी द्वारा निर्देशित किया गया कि विकासखंड स्तर पर साक्षरता समन्वयक के माध्यम से असाक्षरों का चिन्हांकन कर ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन किया जावे तथा सामाजिक चेतना केंद्र का विधिवत संचालन करते हुए आगामी सितंबर माह में आयोजित मूल्यांकन में अधिक से अधिक असाक्षर को सम्मिलित किया जाकर नवसाक्षर करने हेतु रणनीति तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में डीपीसी के साथ एपीसी संकेत जैन एवं भानु गुमास्ता, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण का संचालन बीएसी मोहखेड़ अरविंद भट्ट द्वारा किया गया.

पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला सह समन्वयक साक्षरता आर.एन. पाल द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की सूक्ष्मता से जानकारियां प्रस्तुत की गई। उक्त प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक विकासखंड अकादमिक समन्वयक तथा विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता उपस्थित हुए। आभार प्रदर्शन छिंदवाड़ा बीआरसी अजय केकतपुरे द्वारा दिया गया किया गया।



# नल में आ रहा गंदा मटमेला पानी

**अमरवाड़ा.** नगर के वार्डों में शुक्रवार को गंदा मटमेला पानी की सप्लाई की गई है जिसकी वजह से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पानी इतना गंदा है कि पीने योग्य नहीं है वार्ड वासियों ने कहा कि ऐसा पानी पीने से संक्रमित बीमारियां होने का डर रहता है। वैसे ही बारिश के मौसम में क्षेत्र में मलेरिया डेंगू जैसी संक्रमित बीमारियां फैल रही है और गंदे पानी पीने से काफी दिक्कत होगी नगर पालिका सीएमओ से ध्यान देने की मांग की गई।


**सोलापूर महानगरपालिका सोलापूर**

पत्ता - इंद्रभुवन, पुण्यश्लोक आबासाहेब वारदपथ, रेल्वे लाईन्स, सोलापूर ४१३००१
सार्वजनिक आरोग्य अभियंता कार्यालय, ड्रेनेज विभाग
ई मेल: smcphewtr@gmail.com टेलिफोन नं :- ०२१७-२७४०३५०

जा.क्र.नगर अभियंता/बांधकाम-२/३०१ — दि. २७/०६/२०२४

**E-Tender Notice**

Commissioner, Solapur Municipal Corporation, Solapur Invites E-Tender for the work Under Storm water drain project for Solapur city Under Maharashtra Suvarn Jayanti Nagarotthan Maha-abhiyan Scheme (State Level) in the state of Maharashtra Valued at Rs. 83,48,54,185/-. The E-Tender details are available on http://mahatenders.gov.in from the dt. 28/06/2024 at 10.00 A.M
Tender ID- 2024_SMC_1045949_1
Date: 28/06/2024

-sd -
Commissioner
Solapur Municipal Corporation



**ICICI Prudential Asset Management Company Limited**
**Corporate Identity Number:** U99999DL1993PLC054135

**Registered Office:** 12th Floor, Narain Manzil, 23, Barakhamba Road, New Delhi - 110 001.
**Corporate Office:** ONE BKC, A - Wing, 13th Floor, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051; Tel.: +91 22 2652 5000, Fax: +91 22 2652 8100, Website: www.icicipruamc.com, Email id: enquiry@icicipruamc.com
**Central Service Office:** 2nd Floor, Block B-2, Nirlon Knowledge Park, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063. Tel.: 022 2685 2000 Fax: 022 26868313

**Important Notice for the attention of Public**

It has come to our notice that some unscrupulous persons are passing themselves off as or being affiliated with the officials / executives of ICICI Prudential Asset Management Company Limited (the AMC) and / or affiliated with ICICI Prudential Asset Management Company Limited. For the purpose of creating credibility for their online platforms / websites and with an intent to defraud unsuspecting members of the public, such persons have extracted information (including profile and photographs) generally available in the public domain. Some such online platforms / websites that have currently come to our notice are: (a) https://www.daaisy.com, (b) Datameer.

We would like to caution the public at large that the AMC / its officials or executives are, in no way, associated with these platforms / websites or with the persons associated with these platforms/websites and shall not be responsible for, and expressly disclaim all liabilities for, damages / loss of any kind arising out of the use of, reference to, or reliance on any information contained on such websites / platform, and or any other websites / platform of a similar nature (currently existing or in the future) which may or may not be within the knowledge of the AMC.

We therefore, urge and strongly advise the pubic not to fall prey to these fake groups / platforms / phishing websites and stay vigilant of such scams. The public should take note that anyone who relies or makes decision relying on the information supplied by such fake groups / platforms / phishing websites, or any other platform and material, other than the official website of the AMC shall do so, at their own risk, cost and consequences.

The official website of the AMC is https://www.icicipruamc.com/ and the AMC has official handles on social media platforms i.e. Instagram, YouTube, LinkedIn, Twitter, Facebook, Quora.

We also request the public to avoid circulating such information/web links / platforms / websites or give any credence to the same. The general public is also hereby cautioned not to rely upon the information made available on such websites / platforms.

**For ICICI Prudential Asset Management Company Limited**
Sd/-
**Authorised Signatory**

Place: Mumbai
Date : June 28, 2024
*No. 012/06/2024*


# जन सहयोग से माता मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू



नवभारत न्यूज

**परासिया, 28 जून. वार्ड क्रमांक 18 की माता मंदिर में वषों पुराने मंदिर जीणोद्धार जनसहयोग से माता मंदिर जीणोद्धार काम प्रारंभ हुआ।**

वार्ड पार्षद श्रीमती प्रतिभा सोनी ने बताया की वार्ड की वषों पुरानी मांग पुरी हुई आस्था का केंद्र माता मंदिर है यहां सभी वर्ग के लोगों पूजा अर्चना करते हैं माता मंदिर में वार्ड नहीं आस पास के लोगों की आस्था का केंद्र है आज जनसहयोग से यह काम शुरू हुआ है।

इस अवसर पर नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह पार्षद श्रीमती पुनम कैथवास पार्षद श्रीमती सावित्री वर्मा पार्षद श्रीमती रुकमा बसोड श्रीमती नीलोफर खान पार्षद ब्रजेश भालवी पार्षद श्रीमती प्रतिमा बैस और पार्षद श्रीमती पूजा मरकाम अशोक शर्मा और पप्पू मरकाम सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

# प्रेक्षक से आम नागरिक कर सकते हैं संपर्क

**स्टेनोग्राफर की नियुक्ति करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही के दिए हैं निर्देश**

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 28 जून. जिले की 123-अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम. मुथुकुमार (आई.ए. एस.-2008) का स्थानीय संपर्क नंबर जारी किया गया है, इस संपर्क नंबर के माध्यम से आम नागरिक उप निर्वाचन के संबंध में सामान्य प्रेक्षक डॉ. मुथुकुमार से संपर्क कर सकते हैं।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि अमरवाड़ा विधानसभा के उप निर्वाचन के लिये नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम. मुथुकुमार का मोबाईल नंबर-6266127076 है। सामान्य प्रेक्षक डॉ. मुथुकुमार के लिए तहसीलदार कार्यालय अमरवाड़ा में प्रेक्षक कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिक उप निर्वाचन के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत के संबंध में डॉ. मुथुकुमार के स्थानीय नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। साथ ही तहसीलदार अमरवाड़ा के कार्यालय में स्थापित प्रेक्षक कक्ष में शासकीय कार्य दिवसों में अपरान्ह 3 बजे से शाम 04 बजे तक प्रेक्षक डॉ.मुथुकुमार से संपर्क किया जा सकता है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सामान्य प्रेक्षक डॉ.मुथुकुमार के लिए अनादि बुधौलिया अनुविभागीय अधिकारी सिल्लेवानी को लायजन अधिकारी नियुक्त किया है, जिनका मोबाइल नंबर 9479893099 है। साथ ही सहायक लायजन अधिकारी और स्टेनोग्राफर की नियुक्ति करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।